श्री बंशीधर नगर, रविवार
05.05.2024
वैशाख कृष्णपक्ष द्वादशी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 249

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 05:18 बजे
अस्त - 06:27 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 43 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

भाजपा को सबक सिखलाने के लिये जनता तैयार ›› पेज 03 | भाजपा को वोट मांगने का अधिकार नहीं ›› पेज 04

### सुविचार

हम जिस नजर से दुनिया को देखते हैं, दुनिया वैसी ही नजर आती है, इसलिए अच्छा है नजरिया सही रखो!

### न्यूज अपडेट्स

### 5वें चरण में 57 प्रत्याशी मैदान में

रांची। लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को पांचवें चरण के नॉमिनेशन फॉर्म की स्क्रूटनी की गयी। झारखंड में पांचवें चरण की स्क्रूटनी के बाद 57 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। वहीं 11 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द हुआ। यह जानकारी उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने शनिवार को मीडिया को दी। झारखंड में पांचवें चरण में कुल 148 नामांकन फार्म जमा हुए, जिसमें 68 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। स्क्रूटनी के बाद 57 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। नाम वापसी की अंतिम तिथि छह मई है। चतरा से 23, हजारीबाग और कोडरमा से 17 झ 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। सबसे अधिक 8 प्रत्याशियों का नॉमिनेशन फॉर्म चतरा लोकसभा से रद्द हुआ है।

### पलामू में पुलिस जवान की बाइक में लगी आग

मेदिनीनगर। डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के सद्दीक चौक के समीप बंगाल टेंट हाउस के सामने शनिवार को मुख्य सड़क पर चलती बजाज पल्सर बाइक (जेएच 01सीपी 4300) में आग लग गयी। बाइक झारखंड पुलिस के जवान की बतायी गयी है। सूचना मिलने पर टीओपी टू के जवानों ने पानी डालकर आग बुझायी। इस हादसे से आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। बताया गया है कि नवकेतन सिनेमा रोड की ओर से पुलिस जवान संजू कुमार वर्मा गढ़वा जा रहे थे। संजू गढ़वा में ही पोस्टेड है। वे गढ़वा के निवासी हैं। उनके पीछे मिथिलेश कुमार बैठे हुए थे। इस बाच बाइक से चिंगारी निकलने पर दोनों बाइक से उतरकर अलग हो गए। इसके बाद बाइक में आग लग गयी।

**मोदी का जन्म मौज के लिये नहीं, बल्कि एक मिशन के लिये हुआ है : पीएम मोदी**

# धर्म के नाम पर आरक्षण बंटने नहीं देंगे




बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेदिनीनगर के चियांकी हवाई अड्डा परिसर में आयोजित भाजपा के महाविजय संकल्प सभा में कहा कि आम जनता एक वोट के महत्व को बहुत अच्छी तरह जानती है, 2014 में आपके एक वोट ने ऐसा काम किया कि पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लग गई कांग्रेस की महाभ्रष्ट सरकार को हटा दिया और एक वोट ने ही बीजेपी-एनडीए की सरकार बनाई। आज भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। दुनिया में इतना लंबा अविरल संघर्ष कहीं नहीं हुआ होगा जितना अयोध्या में हुआ, कितनी पीढ़ियां खप गई, परंतु एक वोट की ताकत से राम मंदिर बन गया। जम्मू-कश्मीर का क्या होगा? चिंता रहती थी, परंतु वोट की ताकत से 370 की दीवार को जमींदोज कर दिया गया। झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बिहार, आंध्र में पशुपति से लेकर तिरुपति तक नक्सलवाद, आतंकवाद फैलाकर यहां की धरती को लहूलुहान करता था, कितनी माताएं अपना जवान खो देती थी, पालपोस कर बड़ा किया गया बेटा गलत संगत में आकर बंदूक उठाकर जंगलों में भाग जाता था, वोट ने माताओं की आस पूरी की, बच्चों को बचा लिया और नक्सलवादी आतंकवाद से इस क्षेत्र को मुक्ति दिला दी। दिल्ली की सरकार पाकिस्तान को लव लेटर भेजती थी, अमन की आश लगाती थी। एक वोट की ताकत ने उन्हे इतनी ताकत दी कि आते ही उन्होंने कह दिया एनफ इज एनफ, अब यह खेल नहीं चलेगा, मां भारती का अपमान नहीं सह सकते, निदोर्षों को नहीं मारने देंगे। नया भारत है डोजियर नहीं भेजता, घर में घुसकर मारता है। सर्जिकल स्ट्राईक, एयर स्ट्राईक के तमाचे ने पाकिस्तान को हिला कर रख दिया, पहले कोई महीना नहीं बितता था जब झारखंड-बिहार के इलाके से देश की सेवा करते करते हमारे जवान सीमा पर या कश्मीर में शहीद न होते थे और



तिरंगे में लपेट कर शरीर घर नहीं आता था, परंतु यह सब बंद हो चुका है, यह एक वोट ने किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की डरपोक सरकार दुनिया में जा-जाकर रोती थी, आज पाकिस्तान दुनिया में जा-जाकर रो रहा है, पाकिस्तान नेता कांग्रेस के शहजादे को पीएम बनाने के लिये प्रयास कर रहे हैं। परंतु मजबूत भारत को अब मजबूत सरकार ही चाहता है।प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासियों की सेवा करते 25 साल हो जाएंगे, मोदी पर एक पैसे के घोटाले का आरोप नहीं लगा, उनके लिये मां-बहन की दुआ व आशीर्वाद ही काफी है। पद, प्रतिष्ठा, सुख, समृद्ध से दूर वे अब भी वैसा ही हैं जैसा जनता ने भेजा था। मोदी मौज नहीं मिशन के लिये है। जेएमएम-कांग्रेस के नेताओं ने भ्रष्टाचार से अपार धन-संपदा खड़ी की है, परंतु उनके पास न अपनी साईकिल और न ही घर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे गरीबी का जीवन जी कर आये हैं। पिछले दस वर्षो में गरीब कल्याण की हर योजना उनके अपने जीवन के अनुभवों से जन्म लिया है। आज जब वे लाभार्थी से मिलते हैं तो खुशी के मारे उनके आंखों में आसू निकल आता है। कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसूओं में अपनी खुशी ढूंढ रहे हैं, कहते हैं मोदी के आंसू अच्छे लगते हैं। निराश-हताश लोग अब इतने कुंठित हो गये हैं वे गर्व से कहते हैं कि उनके घर में कई प्रधानमंत्री हैं, वे चांदी के चम्मच से खाते रहे, गरीब, दलित आदिवासी के झोपड़ी में फोटो खिंचवाते रहे, परंतु गरीब के लिये कुछ नहीं किया, मोदी के दस साल के सेवा काल में 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर हो गये इसलिये वे आज आशीर्वाद दे दे रहे हैं, उनका आशीर्वाद ही उनकी शक्ति व पूंजी है। पीएम ने कहा कि पलामू को बैकवर्ड जिला कहकर पहले अपमानित किया जाता था। अच्छे अफसर यहां आना नहीं चाहते थे, 2014 में जब उन्हे सेवा का मौका मिला। उन्होंने आकांक्षी जिलों को होनहार जिला बनाने का संकल्प लिया। मोदी यहां रोजगार बढ़ाना चाहता है, जीवन में खुशहाली लाना चाहता है, परंतु कांग्रेस की नजर जनता की जमीन जायदाद पर पड़ गई है, कांग्रेस हो या जेएमएम उन्हे और कुछ नजर नहीं आता है। कांग्रेस का मेनिफेस्टो कहता है कि वे जनता का एक्सरे करवाऐंगे, कितनी जमीन है, घर कहां है, कितने कमरे हैं, सोना, चांदी, मंगलसूत्र है कि नहीं इसकी जांच करवाऐंगे और संपत्ति का कुछ हिस्सा छिनकर अपने वोट बैंक को दे देंगे। कांग्रेस व इंडी गठबंधन ने एक और खतरनाक बात कही है कि मोदी, एससी, एसटी व ओबीसी का आरक्षण छीन लेना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा जब संविधान बन रहा था तब संविधान निमार्ताओं ने तय किया था कि भारत में कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जायेगा, लेकिन कांग्रेस व उनके चट्टे-बट्टे, जेएमएम व आरजेडी आदिवासी, पिछड़े, दलितों के आरक्षण में से कुछ हिस्सा छिनकर अब धर्म के आधार पर संविधान बदलकर मुसलमानों को देना चाहते हैं। एनडीए ने हमेशा आदिवासी हितों को सर्वोपरी रखा है। वह देश का पहला प्रधानमंत्री हैं जो भगवान बिरसा मुंडा का गांव उलिहातु गया, 2025 भगवान बिरसा मुंडा का 150 वां जयंती वर्ष होगा, उन्होंने तय किया है कि प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल में भगवान बिरसा की 150 वीं जन्म-जयंती हिन्दुस्तान के हर कोने में शान से मनायी जायेगी। 150 वीं जन्म-जयंती वर्ष को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जायेगा। पलामू से विष्णु दयाल राम को ज्यादा से ज्यादा मतों से जिताना है। यह इतने सीधे है कि पार्लियामेंट में जब वे परिचय कराते हैं कि ये डीजीपी रहे हैं तो लोग मानने को तैयार नहीं होते हैं। 13 मई को अपना बूथ जितना है, चुनाव जितने के साथ हर बूथ भी जितना है।

**गुमला : कस्तुरबा स्कूल की पीटी टीचर की कार्यशैली से नाराजगी**

# 280 छात्राओं ने दी स्कूल छोड़ने की चेतावनी

**गुमला।** अक्सर सुर्खियों में रहने वाला कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की पीटी टीचर कमला कुमारी के खिलाफ आखिरकार रायडीह के कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ने वाली करीब 300 छात्राओं ने मोर्चा खोल दिया है। सभी छात्राओं ने पीटी टीचर की कार्यशैली से छुब्ध होकर एक साथ स्कूल छोड़ने की धमकी भी दे डाली है। जनप्रतिनिधियों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के कान में यह बात आने के बाद बीते सोमवार, मंगलवार व शुक्रवार को स्कूल में बैठक कर छात्राओं को समझाया गया



है। फिलहाल स्कूल छोड़ने की बात से छात्राएं पीछे हट गई है। मगर स्कूल से पीटी टीचर को हटाने की मांग पर अड़ी हुई है। बताया जाता है कि स्कूल में नामांकित 350 छात्राओं में से 70 छात्राएं पीटी टीचर की कार्यशैली से नाराज होकर अपनी बीमारियों का हवाला देते हुए अपने घर चली गई है। छात्राओं ने बताया कि पीटी टीचर ने जब से यहां योगदान दिया है। तब से उनका व्यवहार ठीक नहीं है। वे छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार करती है। अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट करते हुए गरीब कहकर प्रताड़ित करती है। पीटी टीचर द्वारा उनसे कपड़ा धुलवाया जाता है। इंकार करने पर प्रताड़ना बढ़ जाती है। उन्हें हमेशा किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

छात्राओं की इन बातों को सुनने के बाद शुक्रवार को शिक्षा विभाग के अधिकारी भी स्कूल पहुँचे थे। वे भी छात्राओं के मान मनौवल पर जुटे हुए थे। छात्राएँ अधिकारियो के समक्ष रोने लगी। इसके बाद अभिभावक रंथु लोहरा, नेलशन लकड़ा, जोगेन्द्र महली,सुनीता देवी, सबीता देवी, प्रसान्नी देवी, पंकज कुजूर, जैलेन्द्र उराँव आदि ने अधिकारियों से उक्त पीटी टीचर को हटाने की मांग की, कार्रवाई नहीं होने पर बच्चों को अपने साथ ले जाने की चेतावनी दी। इसके बावजूद विभाग के अधिकारी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे हैं। इस बीच कुछ अभिभावक अपने चार पांच बच्चियों को घर ले गए। इस संबंध में पीटी टीचर कमला कुमारी से जब पूछा गया तो पहले उन्होंने पत्रकारों पर ही रौब दिखाने की कोशिश की। मोबाइल में छात्राओं की कैद की गयी बातों को डिलीट करने को कहा। फिर कहा कि मेरे उपर लगाये गये सारे आरोप गलत है। बच्चियों को मेरे खिलाफ भड़काया गया है।

# राजद ने जारी की झारखंड के 38 स्टार प्रचारकों की सूची

**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने मुख्य चुनाव आयोग से आए झारखंड में 38 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इसमें सभी जद और इंडी गठबंधन के लिए प्रचार-प्रसार करेंगे। इनमें बिहार में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रताप यादव, तेज प्रताप यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी, मनोज झा, श्याम रजक, भोला प्रसाद यादव, जयप्रकाश नारायण यादव, उदय नारायण चौधरी, इसराइल मंसूरी, सत्यानंद



भोक्ता, संजय कुमार सिंह यादव, गौतम सागर राणा, सुरेश पासवान, संजय प्र यादव, मो. नेहालुद्दीन, स्वीटी सीमा हेंब्रम, अनीता देवी, फैयाज अहमद, श्यानदास सिंह, कैलाश यादव, डॉ. मनोज कुमार, अर्जुन यादव, आबिद अली, मो. कारी सोएब, समता देवी, अभय कुमार सिंह, अनीता यादव, रंजन कुमार यादव, जमरूद्दीन अंसारी, नरेश सिंह, मनोज पांडेय, चंद्रिका यादव, रानी कुमारी, विजय राम, गिरधारी गोप, सुरेश पासवान-देव, लक्ष्मण यादव, घनश्याम चौधरी शामिल है। कैलाश यादव ने शनिवार को बताया कि लिस्ट में शामिल सभी लोगों को मुख्य चुनाव आयोग से आए स्टार प्रचारक का अनुमति कार्ड वितरण कर दिया गया है।



# याद किये गये संविधान सभा के सदस्य गोपा बाबू

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** देश की आजादी के बाद पलामू से पहले विधायक व भारत के संविधान सभा के सदस्य रहे स्व अमिय कुमार घोष (गोपा बाबू) की स्थानीय बंगला पुस्तकालय में पुण्यतिथि मनायी गई। बंगाली समिति व बंगीय दुर्गा बाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पलामू के वरीय पत्रकार व पलामू के क्रांतिकारी पुस्तक के लेखक प्रभात मिश्रा सुमन बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। विषय प्रवेश बंगाली समिति के सचिव सैकत चटर्जी ने किया। वहीं बंगीय दुर्गा बाड़ी के सचिव दिवेंदु गुप्ता ने स्वर्गीय गोपा बाबू के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने कहा कि अपनी पुस्तक में लेखन के लिये गोपा बाबू के बारे में जानकारी जुटाने के बारे में भी बताया। सौभिक दत्ता ने कहा की गोपा बाबू डाल्टनगंज के बंगाली समाज के लिये भी कई उल्लेखनीय कार्य किये। उनका योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। अपनी पुस्तक के जरिये गोपा बाबू सहित पलामू के अन्य क्रान्तिकारियों के बारे में जानकारी संकलित करने के लिये बंगाली समिति व बंगीय दुर्गा बाड़ी द्वारा लेखक प्रभात मिश्रा सुमन को सम्मानित किया गया। मौके पर पार्थ प्रतिम गुप्ता, प्रसेनजीत दासगुप्ता, देवाशीष सेनगुप्ता, शुभंकर चक्रवर्ती, मुनमुन चक्रवर्ती, अमर कुमार भांजा, गौतम सेनगुप्ता, शिवनाथ चटर्जी, गौतम घोष, मासूम आर्ट ग्रुप के आदित्य कुमार, राज प्रतीक पाल, गुलशन मिश्रा आदि मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### बाईक दुर्घटना में दो युवक घायल

**मेराल :** मेराल-रारो मुख्य पथ पर शनिवार को हुई बाईक दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का प्राथमिक उपचार मेराल सीएचसी में करने के बाद बेहतर इलाज के लिये हायर सेंटर में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार डंडई में पुल निर्माण के लिये बने डायवर्सन के पास बाईक सवार युवक अनियंत्रित होकर लोहे के बैरिकेटिंग में टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा घायल युवक रारो गांव निवासी रंजीत कुमार गुप्ता 18 वर्ष पिता नंदू साव तथा अंकुश कुमार पासवान को मेराल अस्पताल में भेजा गया। चिकित्सक के अनुसार दोनों युवक खतरे से बाहर हैं दोनों का पैर टूट गया है, जिनका प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये हायर सेंटर के लिये रेफर किया गया है।

## चुनाव ▶ पीएम मोदी ने पलामू की ठेठ भाषा में अभिवादन कर जीता लोगों का दिल

# रउवन सबके प्रणाम, गोड़ लागत ही

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में 4 मई की सुबह चुनावी सभा में पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से पलामूवासियों का दिल जीत लिया। चियांकी एयरपोर्ट मैदान पर पीएम मोदी ने सभा की शुरूआत पलामू व आसपास क्षेत्र की ठेठ भाषा रउवन सबके प्रणाम, गोड़ लागत ही से की। इतना सुनते ही चुनावी सभा में पहुंचे लोगों ने हाथ उठाकर उनका अभिवादन किया। पूरी सभा काफी देर तक तालियों से गुंजता रहा और इस दौरान



जय श्री राम, नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद व भाजपा जिंदाबाद के नारे भी लगते रहे। इससे पूर्व प्रधानमंत्री की सभा को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया। सभा में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंच पर आने के बाद अपने मोबाईल फोन की फ्लैश ऑन कर उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने चुनावी सभा की शुरूआत में धरती शहीद नीलांबर पीतांबर को भी याद कर उन्हें नमन किया।

### सभा में भीड़ देखकर मोदी उत्साहित



मेदिनीनगर के चियांकी एयरपोर्ट मैदान में चुनावी सभा के दौरान लोगों की भीड़ देखकर पीएम मोदी काफी उत्साहित थे। भाषण के दौरान भी काफी लोग पंडाल में पहुंच रहे थे यह देख पीएम ने कहा कि लोगों की भीड़ देखकर ऐसा लग रहा है कि पंडाल छोटा पड़ गया है। सभा में इंट्री प्वाइंट कम है। उन्होंने कहा कि मैंने लंबे समय तक संगठन के लिये काम किया है, चुनाव भी लड़ा है। लेकिन सुबह 10 बजे इतनी बड़ी रैली करने की कभी हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मैं यहां की माताओं का आशीर्वाद और प्यार कभी नहीं भूल सकता। बता दें कि प्रधानमंत्री का भाषण सुनने के लिये लोग सुबह सात बजे से ही मैदान में जुटने लगे थे।

## एक संत के हाथ राम सौंपी : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को अयोध्या में श्री राम लला को विराजने के बाद पहली बार पलामू आगमन पर पूरे पलामू लोकसभा सनातनियों की ओर से अयोध्या से मंगाई गई प्रभु श्री राम की अष्टधातु द्वारा निर्मित मूर्ति तोहफे में दी। भगवान श्री राम की मूर्ति को अपने हाथों मे लेते हुये प्रधानमंत्री काफी भावुक नजर आये। मौके पर पाटन विधायक पुष्पा देवी, मीरा पांडेय, रूपा सिंह एवं कई महिला मंच पर उपस्थित थी। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा हम पलामू के सनातनियों के लिये यह गौरव का पल था जब मैंने एक संत के हाथ राम की मूर्ति सौपी। प्रधानमंत्री ने अपने अभिभाषण में सभी अपनों को घर-घर जाकर जय श्री राम अपनी ओर से कहने को कहा। सभा की शुरूआत से पूर्व भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने पीएम मोदी को अंगवस्त्र और नीलांबर पीतांबर का स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। वहीं विधायक आलोक चौरसिया एवं भानू प्रताप शाही ने राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया। विधायक पुष्पा देवी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर आदि ने भी पीएम का स्वागत किया। प्रधानमंत्री के मंच पर बीजेपी विधायक दल के नेता अमर बाउरी, बालमुकुंद सहाय, विधायक आलोक चौरसिया, विधायक शशिभूषण मेहता, विधायक पुष्पा देवी, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, विधायक भानू प्रताप शाही, विधायक कमलेश कुमार सिंह, प्रथम मेयर अरुणा शंकर, पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, सांसद घुरन राम, मनोज कुमार, बृजमोहन राम, पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी, शिवपूजन मेहता, विनोद सिंह, प्रभात भुईयां, अलखनाथ पांडेय, रूप सिंह, अनीता देवी, विपिन बिहारी सिंह मंच पर मौजूद थे। अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के पलामू जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी व संचालन लवली आनंद ने किया।

# झारखंड सरकार ने दलितों का किया अपमान : अमर बाउरी

**मेदिनीनगर :** भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे पास नरेंद्र मोदी जैसा नेता है जो देश ही नहीं दुनिया के कल्याण में लगा हुआ है। इंडी गठबंधन के लोग झूठे वादे कर रहे हैं। लोकतंत्र की हत्या करने वाले संविधान बदलने की बात करते हैं। आपातकाल लगाने वालों ने अपने शासन काल में बाबा साहब का अपमान किया। उन्होंने झारखंड सरकार पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त रही। झारखंड सरकार दलितों का अपमान कर रही है, एक भी दलित को मंत्री नहीं बनाया गया। अमर बाउरी ने कहा कि देश ने पहली बार ऐसे पीएम को देखा है। जो सनातन धर्म के लिये जीता जागता उदाहरण है। जिनके गले में रुद्राक्ष की माला है। कहा कि प्रधानमंत्री 140 करोड़ लोगों के विकास के लिये काम करते हैं। बताया कि वीडी राम तीसरी बार यहां से खड़े हैं। इसलिये वीडी राम को वोट देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है।

### मोदी के नेतृत्व में देश विकास करेगा : आलोक

डाल्टनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में ही देश विकास करेगा। संस्कृति व देश की विचारधारा को यदि बचाना है। तो मोदी को वोट देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार वीडी राम को वोट देकर विजय बनाना है। ताकि नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत हो सके। वहीं एनडीए गठबंधन की सरकार तीसरी बार बन सके।

### मोदी विश्व के नेता : मेहता

मेदिनीनगर : चियांकी हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के पूर्व पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कहा कि इस बार पूरे देश में एनडीए गठबंधन को 400 से पार सीट लाना है। नरेंद्र मोदी भारत ही नहीं विश्व के नेता हैं। पलामू के लोकसभा प्रत्याशी वीडी राम को अपार मतों से जीताना है। लोगों से अपील किया कि बीजेपी को वोट दें। कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने गरीबों की उम्मीद को पूरा करने का काम किया है। जबकि इंडिया गठबंधन जो एक ठगबंधन है। उस मोदी जी के नेतृत्व में जो केंद्र में सरकार है, 10 वर्षों से विकास का काम कर रही है।

### वीडी राम को वोट दें : कमलेश

हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पलामू लोकसभा प्रत्याशी वीडी राम काफी मतों से जीतने जा रहे हैं। ये लोगों से बराबर मिलते हैं। सुख-दुख में लोगों का साथ देते हैं। पलामू की जनता विकास चाहती है। माता बहनों को राशन कैसे मिले। इसका मोदी ध्यान रखते हैं। इंडिया गठबंधन के पास प्रधानमंत्री का कोई उम्मीदवार नहीं है। यहां की जनता को ठोस निर्णय लेकर वीडी राम को वोट दें। ताकि देश का विकास हो सके।

### शक्ति का नाम मोदी है : रामचंद्र चंद्रवंशी



विश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा शक्ति का नाम मोदी है। बताया कि 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी थी, उस समय भारत 10 वें स्थान पर था। अभी पांचवें स्थान पर है। आने वाले समय में मोदी ने कहा है कि भारत तीसरे स्थान पर आयेगा। लोगों को जन-धन योजना के तहत अकाउंट खोला गया। महिलाओं को गैस कनेक्शन दिया गया। कहा कि वीडी राम देखने में छोटे लगते हैं, लेकिन काम बड़े-बड़े करते हैं।

## डीएलएसए की ओर से बालिका उच्च विद्यालय में लीगल लिटरेसी क्लास आयोजित

# बाल विवाह, बंधुआ मजदूरी, बाल मजदूरी की दी जानकारी






**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** झालसा रांची के निदेर्शानुसार पीडीजे सह डीएलएसए के अध्यक्ष राजेश शरण सिंह के आदेश के आलोक में शनिवार को गढ़वा प्रखंड अंतर्गत राजकीय बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा में लीगल लिटरेसी क्लास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के सचिव रवि चौधरी ने लीगल लिटरेसी क्लब के नवीकरण के लिए निर्देश देते हुए विद्यालय की सभी बच्चियों को बाल विवाह, बंधुआ मजदूरी, बाल मजदूरी, रैगिंग एवं मानव तस्करी जैसे विधिक विन्दुओं कि जानकारी दी। उन्होंने लिटरेसी क्लब के माध्यम से बच्चों को होने वाले फायदे के बारे में भी जागरूक किया एवं समाज में फैल रहे कुरीतियों को दूर करने के लिए शिक्षित होने एवं अपने विधिक अधिकार के लिए सजग रहने की सलाह दी। उस अवसर पर उपस्थित एलएडीसीएस के अधिवक्ता सुधीर तिवारी ने कानूनी बिंदुओं, संविधान के मूल अधिकार एवं महिलाओं के संरक्षण से संबंधित जानकारी दी। पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने शिक्षा का अधिकार एवं घरेलू हिंसा पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पीएलवी कृष्णानंद दूबे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाले नि: शुल्क सभी कानूनी सहायता आदि की जानकारी दी। उस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रियाज अंसारी एवं शिक्षक सहित लगभग 100 बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## टेंपो पलटने से युवक की मौत

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर-गढ़वा मुख्य मार्ग पर यहां चौबेडीह गांव के समीप टेंपो के पलटने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन यात्री लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया। घटना में मृत युवक की पहचान मेराल थाना क्षेत्र के गोंदा गांव निवासी हरि विश्वकर्मा के 28 वर्षीय पुत्र चंद्रेश विश्वकर्मा के रूप में की गई है। वहीं सभी घायल भी मेराल थाना क्षेत्र के गोंदा गांव निवासी हरि विश्वकर्मा के 25 वर्षीय पुत्र उमेश विश्वकर्मा, स्व बिहारी विश्वकर्मा के 25 वर्षीय पुत्र उमेश विश्वकर्मा एवं सुनील प्रजापति के 19 वर्षीय पुत्र लक्ष्मी प्रजापति के नाम शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। बताया जाता है कि टेंपो में एक ही गांव के नौ लोग सवार थे। सभी लोग उतर प्रदेश के रेणुकूट जाने के लिये मेराल रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। लेकिन ट्रेन छूट गई। टेंपो में सवार सभी लोग वहां से ट्रेन पकड़ने के लिये श्री बंशीधर नगर आने लगे। इसी बीच उसका कला गांव के समीप टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई।

# भीड़ ने एक साथ जलायी सात हाइवा, चार करोड़ रुपये का नुकसान, 24 घंटे बाद भी एफआइआर नहीं



**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर-रामगढ़-भंडरिया मुख्य मार्ग पर अंधारीढोढा में एक साथ-सात हाइवा जला देने की घटना के 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी शनिवार शाम तक एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम होने और हाइवा मालिक द्वारा अब तक लिखित नहीं दिए जाने के कारण मामला दर्ज नहीं हो पाया है। जलकर सारे हाइवा घटनास्थल पर ही लगे पड़े हुए हैं। इस घटना में हाइवा मलिक को 4 करोड़ के आसपास नुकसान हुआ है। इस घटना से इस मार्ग पर चलाने वाले हाइवा मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है। बताते चलें कि शुक्रवार की शाम चैनपुर -रामगढ़- भंडरिया मुख्य मार्ग पर अंधारीढोढा के पास एक कमांडर जीप में बैठकर जा रहे रामगढ़ के फिरोज अंसारी की हाइवा की चपेट में आने से मौत हो गई थी। घटना के बाद उग्र ग्रामीणों ने आधे घंटे के भीतर एक-एक करके सात हाइवा में आग लगा दी थी। सारे वाहन एक दूसरे से आगे पीछे चल रहे थे। आगजनी करने वालों की संख्या 40 से 50 बताई गई है। यह भी जानकारी मिली है कि घटना के वक्त उपरोक्त मार्ग से गुजर रहे लोगों ने जब वाहन जलाने का वीडियो बनाया तो कई लोगों के मोबाइल फोन आगजनी करने वाले लोगों ने तोड़ दी थी। हालांकि बाद में पुलिस के जाने के बाद आंदोलनकारी मौके से भाग निकले थे। यह भी चर्चा है की घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचने में देर की, जिससे आंदोलनकारी को मौका मिला और वे मंसूबे में सफल हो गए। इधर, जानकारी मिली है कि आगजनी की घटना में नेउरा के लोग शामिल थे। दरअसल फिरोज अंसारी के अधिकतर रिश्तेदार नेउरा में रहते हैं। घटना की सूचना मिलते ही नेउरा इलाके से बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और वहां जाते ही वाहनों में आगजनी शुरू कर दी। नेउरा से घटनास्थल कुछ ही दूर पर है। यह भी जानकारी मिली है कि इस इलाके में चलने वाले अधिकतर हाइवा किराये पर लेकर चलायी जाती है। जिले के रामगढ निवासी फिरोज अंसारी के शव का एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में पोस्टमार्टम किया गया। चैनपुर थानाा क्षेत्र के अंधारीढोढा में हाइवा के धक्के से उसकी मौत हो गयी थी। घटना के बाद शुक्रवार रात में फिरोज का शव एमआरएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

## न्यूज अपडेट्स

### ईलाज के दौरान चिकित्सक का निधन

**भवनाथपुर :** सिंदुरिया निवासी सह वयोवृद्ध चिकित्सक डॉ सुरेश चंद्रा का निधन शुक्रवार की रात ईलाज के दौरान वाराणसी के एक निजी अस्पताल में हो गया। वे पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे। स्व चंद्रा का शव शनिवार को सिंदुरिया स्थित उनके आवास पर पहुंचते ही क्षेत्र के कई सामाजिक व राजनितिक नेताओं के साथ साथ ग्रामीण मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुये संवेदना प्रकट की। उनका अंतिम संस्कार दुलहर नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र अविनाश कुमार शर्मा ने दी। शोक व्यक्त करने वालों में आजसू के जयराम पासवान, मुखिया नंदलाल पाठक, पूर्व मुखिया राजेश गुप्ता, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, संतोष चंद्रवंशी, उपेंद्र चंद्रवंशी, अशोक पाठक, विजय जायसवाल, प्रदीप गुप्ता, माणिक सिंह, कपिलदेव सिंह, अलोक गुप्ता सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

**चुनाव** ▶ 4.5 साल में गढ़वा झारखंड का नंबर वन विस क्षेत्र बन गया है : मिथिलेश

# मंत्री ने सिखलाया लोस चुनाव जीतने का गुर

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा विधायक सह झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर शनिवार को झामुमो गढ़वा प्रखंड के बूथ एवं पंचायत प्रभारियों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में मंत्री श्री ठाकुर ने सभी कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव जीतने का गुर सिखलाया। मौके पर मंत्री के साथ पार्टी के सभी पदाधिकारियों, प्रभारियों एवं कार्यकताओं ने पलामू लोकसभा सीट से महागठबंधन प्रत्याशी को जीताने का संकल्प लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता प्रत्येक घर में जाकर झारखंड सरकार की उपलब्धियों को बतायें। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा जनता के साथ किये जा रहे छलावा एवं फरेब को भी बतायें। लोगों को यह बतायें कि यदि इस बार गलती हुई तो जीवन भर पछताने के सिवा कुछ नहीं बचेगा। मंत्री ने कहा कि साढ़े चार साल में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र झारखंड का नंबर वन विधानसभा क्षेत्र बन गया है। मोदी जी पिछले 10 साल की उपलब्धि को कभी भी मंच से नहीं बतलाते हैं। सिर्फ यही बताते हैं कि कांग्रेस की सरकार आयेगी तो आपकी सारी संपति लूटकर मुसलमानों में बांट देगी। पाकिस्तान राजकुमार को प्रधानमंत्री बनाने में लगा हुआ है। भाजपा फूट डालकर सिर्फ अपना राजनीतिक रोटी सेंकने का काम कर रही है। वे आदिवासियों की हितैशी खुद को बतलाते हैं, परंतु आदिवासियों के लिये कोई उपलब्धि नहीं है। भाजपा आदिवासियों को समाप्त करने, लोकतंत्र को समाप्त करने, संविधान बदलने की साजिश कर रही है। देश की जनता यह देख रही है कि लोकसभा चुनाव के पहले बेवजह देश के दो-दो मुख्यमंत्री को जेल में बंद कर दी है। इस लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखलाने को तैयार है। लोकसभा चुनाव के दो चरण के रूझान से भाजपा पूरी तरह बौखला गई है। मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, रितेश तिवारी, मुखराम भारती, नारद तिवारी, शरीफ अंसारी, फुजैल अहमद, श्रीकांत तिवारी, अशोक चंद्रवंशी, राजन उरांव, संजय चंद्रवंशी, सुलेमान अंसारी, जितेंद्र दुबे, फैजुल अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### इस चुनाव में भाजपा को सबक सिखलाने के लिये तैयार है जनता : मंत्री मिथिलेश



**गढ़वा :** गढ़वा के दो मुखिया सहित दो दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। शनिवार को गढ़वा विधायक सह झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से गढ़वा प्रखंड के महुलिया पंचायत के मुखिया वीरेंद्र राम, दुबे मरहटिया पंचायत के मुखिया नीतीश तिवारी, बीडीसी हरिओम सिंह, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि राउत, उदय प्रसाद यादव, अभय पासवान, चंदन कुमार, विजय भुईयां, छोटू ठाकुर, हरिओम विश्वकर्मा, हरिनारायण पासी, अमित विश्वकर्मा, सौरभ कुमार सिंह, दीपक ठाकुर, संजय ठाकुर, मुकेश बैठा, सीताराम पासवान, जाटा के मुमताज अंसारी, उड़सुगी के ललसु पाल, अचला के गुलाम सरवर आदि का नाम शामिल हैं। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा की झूठ एवं फरेब से जनता उब चुकी है। इस बार लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाने के लिये पूरी तरह से कमर कस के तैयार है। अब जनता बेवकूफ बनने वाली नहीं है। झामुमो के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार ने झारखंड में काफी विषम परिस्थितियों एवं अल्प समय में जितनी बेहतर कार्य की है आज तक झारखंड गठन के बाद किसी अन्य सरकार ने नहीं की है। यही कारण है कि पूरे राज्य की जनता का रूझान झामुमो की ओर है। उन्होंने कहा कि सभी नये साथी काफी मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव में कार्य करें। झामुमो के बेहतर कार्यां एवं भाजपा की छल एवं फरेब को जनता तक अच्छी तरह से पहुंचायें। पलामू लोकसभा सीट पर महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां की जीत सुनिश्चित है। मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, रितेश तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

# भाजपा समाज को बांट कर सत्ता हथियाना चाहती है : झामुमो

### मोदी जी ने बनाया झूठ बोलने का वर्ल्ड रिकॉर्ड

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुये कहा कि दो दिनों के झारखंड प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने झूठ बोलने का नया कीर्तिमान स्थापित कर लिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड से आग्रह करता है कि वो झूठ बोलने का रिकॉर्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम दर्ज कर उसे प्रकाशित करें। वे शनिवार को होटल पद्मावती में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वाह मोदी जी वाह। वाकई आपने देश में पहली बार झूठ बोलने की ऐसी मिशाल कायम की है जो काम देश का कोई प्रधानमंत्री अब तक नहीं कर पाया। अब तो ये हालात हो गये हैं कि अब बच्चे पूछने लगे है कि आप लोग कहते है कि झूठ बोलना पाप है। लेकिन प्रधानमंत्री तो खुलेआम झूठ बोलते हैं, तो फिर ये पाप कैसे हुआ। ऐसे सवाल पूछने वाले बच्चों से कहना चाहता हूं कि वाकई झूठ बोलना गलत है और झूठ की फसल दिखती अच्छी है लेकिन इस फसल में दाना नहीं होता ये सिर्फ खोखला होता है। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री जी घूम घूम कर कहते हैं कि आरक्षण खत्म कर दिया जायेगा। अनुसूचित जाति, जन जाति और पिछड़े वर्ग का आरक्षण खत्म कर माईनोरिटी में बांट दिया जायेगा। साथ ही आम लोगों का धन दौलत कांग्रेस सरकार ले लेगी। ऐसी बेबुनियाद और निराधार बातें कर प्रधानमंत्री जनता को गुमराह नहीं कर सकते। क्योंकि जनता अब उनकी चालाकी और समाज को बांट कर राज करने की गारंटी समझ चुकी है। मोदी जी को इस बार झारखंड सहित पूरे देश में जोर का झटका धीरे से लगेगा, उनकी सत्ता जायेगी और इंडिया गठबंधन की सरकार आयेगी। उन्होंने कहा कि जो दस वर्षों से राज कर रहा हो वो अपनी उपलब्धियां गिनाने की जगह लोगों को झूठ परोस कर बांट रहे हैं। काठ की हांडी बार बार नही चढ़ती है मोदी जी। श्री ठाकुर ने कहा कि मोदी जी कहते हैं कि मैने देश में पहली बार आदिवासी राष्ट्रपति बनाया, लेकिन वो ये नहीं कहते कि मैंने संसद के नये भवन के उद्घाटन और अयोध्या में निर्मित मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति महोदय को नहीं बुलाया। राष्ट्रपति का जैसा अपमान प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है शायद ऐसा अपमान देश के किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया होगा। उन्होंने कहा कि पीएम ने पलामू में सबसे बड़ा झूठ ये कहा कि हमने पक्का घर दिया। जबकि हकीकत ये है कि उन्होंने झारखंड को पक्के मकान के लिये मिलने वाली राशि नहीं दी तब ही राज्य सरकार को अपने संसाधन से झारखंड के लोगों को अबूआ आवास देने की योजना शुरू करनी पड़ी। पीएम ने कल चाईबासा में कहा कि हेमंत सोरेन ने जमीन लूटी, आदिवासियों का हक मारा और भ्रष्टाचार किया। मोदी जी और भाजपा से आग्रह है कि वो अपने पुराने बयान निकाल कर देख लें कि जिस गीता कोड़ा के लिये वो वोट मांग रहे हैं उनके और उनके पति मधु कोड़ा को किसी समय कितना बड़ा भ्रष्टाचारी बताया करते थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन पर पीछे से हमला कर आप घायल नहीं कर सकते मोदी जी। हेमंत सोरेन शेर है जब सामने होगा तो किसी की हिम्मत नहीं होगी उससे आंख मिलाने की। हेमंत सोरेन को भाजपा परेशान कर सकती है परास्त नहीं। झारखंड में भाजपा का खाता नहीं खुलेगा मोदी जी। झारखंड के लोग इस बार आपको हार का ऐसा उपहार देंगें कि आपको जिंदगी भर याद रहेगा। उन्होंने कहा कि गौर करने वाली बात यह है कि पलामू की जनसभा में पीएम ने मंदिर, मस्जिद, हिंदू, मुस्लिम सबकी बातें की। लेकिन मंडल डैम की चर्चा तक नहीं की। इससे यह साबित होता है कि पीएम मोदी समाज को बांट कर सत्ता हथियाना चाहते हैं, विकास करके नहीं। प्रेसवार्ता में राजद के प्रधान सचिव सह गोड्डा के पूर्व विधायक संजय यादव, सपा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, सचिव मनोज ठाकुर आदि मौजूद थे।

**ममता भुईयां ने गांव-गांव में पहुंच कर किया जनसंपर्क, कहा**

# समस्या का समाधान करना प्राथमिकता

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पानी और पलायन को इंडिया गठबंधन ने पलामू लोकसभा क्षेत्र में मुद्दा बनाया है। पलामू लोकसभा सीट से राजद प्रत्याशी ममता भुईयां नामांकन करने के बाद लगातार जनसंपर्क कर रही हैं। ममता भुईयां ने प्रचार का अनोखा तरीका अपनाया है। ममता खुद गांव-गांव पहुंचकर लोगों से बात कर रही हैं और उनकी समस्याओं को सुन रही हैं। शुक्रवार को ममता भुईयां ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के कई सुदूरवर्ती इलाकों में जनसंपर्क किया। इस दौरान राजद और कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। ममता भुईयां ने कहा कि वे एक-एक व्यक्ति से संपर्क कर रही हैं और उनसे बातचीत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि लोगों से बातचीत के क्रम में पता चला है कि इलाके में विकास कार्य ठप हो गया है। कोई भी काम नहीं हुआ है। इस कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। ममता भुईयां ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में पानी और पलायन बड़ी समस्या है। कई इलाकों में मात्र एक चापानल पर कई लोग निर्भर हैं। क्षेत्र में सड़क और बिजली की भी समस्या है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करना, खेतों और घरों तक को पानी पहुंचना और लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उस मौके पर ममता भुईयां के साथ राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा समेत कई नेता शामिल थे।

# शत-प्रतिशत मतदान करवाने की कवायद शुरू : डीसी

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** जिले में शत-प्रतिशत मतदान करवाने की कवायद शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में 2 मई से ही जिले में होम वोटिंग की प्रक्रिया प्रारंभ है जिसमें बीते गुरुवार को होम वोटिंग के तहत पलामू जिले में कुल 124 वोटर्स ने अपना मतदान अपने घर में ही किया। ज्ञातव्य है कि जिले के वैसे मतदाता जिनकी उम्र 85 है व दिव्यांग मतदाता जो चलने-फिरने में असमर्थ है उन्हें भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से 12 डी फॉर्म के माध्यम से घर में ही मतदान कराने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। होम वोटिंग के माध्यम से जिले में कुल 478 मतदाताओं से मतदान कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन शुक्रवार को हेरिटेज स्कूल में जारी मतदान का जायजा लिया। यहां मतदान कार्य में लगे कर्मियों से मतदान करवाया जा रहा है जो 6 मई तक चलेगा। इसके अतिरिक्त गिरिवर स्कूल में भी मतदान कराया जा रहा है। वहीं पुलिस लाईन में 7 से 9 मई को भी मतदान कराया जायेगा।






# इंडिया अब वोट जिहाद का ले रहा सहारा : मोदी

**गुमला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शनिवार को गुमला जिले के सिसई में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन अब एनडीए के खिलाफ वोट जिहाद का सहारा ले रहा है। साथ ही मोदी ने लोहरदगा के प्रत्याशी समीर उरांव और खूंटी के अर्जुन मुंडा सहित एनडीए के प्रत्याशियों के पक्ष में 13 मई को वोट करने की अपील की। पीएम मोदी ने कहा कि राज्य में इंडी अलायंस भ्रष्टाचार में लिप्त है। माताएं और बहनें मेहनत से एक-एक रुपये जमा करती हैं लेकिन यहां कांग्रेस के एक सांसद के ही घर से नोटों के ढेर निकले। ये इतने बड़े थे कि मशीन लाए गये, जो हांफने भी लगे। उन्होंने सवाल किया कि आखिर ये पैसा किसका है? साथ ही कहा कि ये जनता का, उसके पसीने और हक का है। यहां के एक पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद हैं। कोर्ट भी कह रहा है कि चोरी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों के कारण देश में नक्सलवाद और माओवाद की समस्या बनी लेकिन उनकी सरकार




ने देश के बड़े हिस्से को इससे मुक्त कराया। आतंकवादियों पर भी वोट बैंक के कारण कार्रवाई नहीं होती थी। यहां संथाल से लेकर दूसरे हिस्सों में घुसपैठियों को बढ़ावा देने का खेल रहा। पीएफआई अपना संगठन चला रहे। आदिवासी बेटियों के साथ अत्याचार किया जा रहा। जमीन के लिए आदिवासी बेटियों के साथ क्या-क्या नहीं किया जा रहा। जब लोग आवाज उठाते हैं तो वोट जिहाद की बात इंडी गठबंधन वाले करने लगे हैं। वो कितना भी जिहाद कर लें, मोदी डरने वाला नहीं। मोदी के रहते कोई आदिवासियों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता।

### कांग्रेस केवल वोट बैंक की चिंता में

मोदी ने कहा कि एनडीए गठबंधन भ्रष्टाचार हटाओ की बात करता है जबकि इंडी वाले कहते हैं कि भ्रष्टाचार बचाओ। सभी दिल्ली और दूसरी जगहों पर इकट्ठे होते हैं। चुनाव के समय रैलियां कर रहे कि भ्रष्टाचारी बचाओ। मोदी ने गारंटी देते हुए कहा कि आने वाले पांच सालों में सभी भ्रष्टाचारियों पर कानून का डंडा चलेगा। इंडी गठबंधन वालों को आज भी बर्दाश्त नहीं कि एक गरीब मां का बेटा प्रधानमंत्री कैसे बन गया। वे रोज नया झूठ फैला रहे। अब कह रहे कि मोदी संविधान बदल देगा। वे मुखों के सरदार से कहना चाहते हैं कि वे 10 सालों से प्रधानमंत्री हैं लेकिन इतने सालों में उन्होंने ऐसा कोई पाप बाबा साहेब के संविधान के साथ नहीं किया है।

### कांग्रेस अब तुष्टिकरण की राह पर

पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने तो इंडी गठबंधन का नकाब उतार दिया है। अपने शासन काल में कांग्रेस भ्रष्टाचार, परिवारवाद की राह पर रहा। अब तो तुष्टिकरण की राह पर भी है। कांग्रेस जो चश्मा पहनती है, उससे उसे केवल एक ही वोट बैंक दिखता है- मुसलमान। भाजपा सबका साथ, सबका विकास की बात करती है। किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा, इसकी बात करती है। कांग्रेस को यह सब नहीं करना है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस वाले एससी, एसटी, ओबीसी को मिले आरक्षण पर डाका डालने में लगी है। संविधान जब बना तब बाबा साहब आंबेडकर ने तय किया था कि देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं मिलेगा। कांग्रेस आपका हक छीनकर मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने में लगी है। सभी को सतर्क रहना होगा लेकिन मोदी की गारंटी है कि जब तक वे जिंदा हैं तब तक दलित, आदिवासी, ओबीसी के आरक्षण में से रत्ती भर भी चोरी नहीं करने देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया तो कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले कहने लगे कि झाड़ू लगाने और शौचालय बनाने से क्या होगा? आज गांव-गांव देखिए, हालात बदले हैं। उन्होंने जब मोबाइल का डेटा सस्ता किया, गांव-गांव में कॉमन सर्विस सेंटर खोले और हर गांव तक इंटरनेट पहुंचाने की ठानी तो ये झामुमो वाले और कांग्रेस वाले कहते थे कि गांव वालों को इसका क्या फायदा? आज मेरे गांव का युवा सोशल मीडिया का हीरो है। कांग्रेस वालों ने इंटरनेट को अमीरों की चीज बना दिया था। मैंने इंटरनेट को गरीबों के घर पहुंचा दिया है।

# भाजपा को वोट मांगने का अधिकार नहीं : चम्पाई

**चाईबासा।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश की दशा और दिशा सही राह में ले जाने के लिए पांच साल में एक बार मौका मिलता है। इसलिए इस मौके को चूके नहीं। भाजपा जब से सत्ता में आई है सिर्फ झूठ की राजनीति कर रही है। ये वही भाजपा है जिसने सत्ता में आने से पहले बढ़ते हुए गैस की कीमतों के विरुद्ध पूरे देश मे प्रदर्शन किया था। उस वक्त गैस की कीमत 400 के लगभग थी लेकिन आज भाजपा के राज में गैस के साथ पेट्रोल, डीजल की बढ़ती कीमतें आसमान छूने को हैं। चम्पाई ने कहा कि सत्ता में आने से पहले इन्होंने युवाओं को दो करोड़ नौकरियां देने जैसे कई वादे किए लेकिन ये जुमलेबाज सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां के मूल भावना को नहीं समझ सके। मोदी ने अपने संबोधन में एक बार भी हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की बात नहीं की। सरना धर्म कोड देने की बात नहीं की। स्थानीय नीति की बात नहीं की। मोदी सरकार ने तो वन अधिकार को स्थिर करने का काम किया। मोदी की सरकार ने आदिवासी-मूलवासी के हित में काम नहीं किया है। इसलिए भाजपा को यहां वोट मांगने का अधिकार नहीं है।



मुख्यमंत्री शनिवार को सिंहभूम से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी के समर्थन में चक्रधरपुर विधानसभा के ऐतिहासिक बुढीगोड़ा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये वही धरती है जहां के आदिवासियों ने आंदोलन का बिगुल बजाया। भाजपा जब-जब सत्ता में आई है एक जाति से दूसरी जाति को, एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाकर सत्ता में काबिज रहना चाहती है। इसलिए आप इंडी गठबंधन को मजबूत करिए। मुख्यमंत्री सोरेन ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि झामुमो गठबंधन की सरकार ने आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चला और 50 वर्ष तक के सभी को पेंशन देने का काम किया। आगे चलकर मुंडा और मानकी के लिए आवास बनाएंगे। चाइबासा में मानकी, मुंडाओ के लिए सभा बनाया जाएगी, जिसमें 2000 डेलीगेट की बैठने की क्षमता होगी। हमारी सरकार ने आदिवासी बच्चों को विदेश पढ़ने भेजा। मोदी सरकार ने यहां की जनता को धोखा दिया। चम्पाई ने कहा कि मोदी ने वादा किया था कि 2022 तक सभी के पक्के मकान बनेंगे। झारखंड की गठबंधन सरकार ने पूरी लिस्ट उन्हें सौंप दिया लेकिन इन्होंने आवास का पैसा रोक दिया। इसलिए हमारी सरकार ने यहां के आदिवासी जनता को अबुवा आवास दिया। साथ ही हमारी सरकार ने 125 यूनिट फ्री कर दिया, जिससे 30 लाख परिवार को इसका फायदा मिल रहा है। इसके साथ उन्होंने सभी प्रखंड में स्मार्ट स्कूल खोलने की बात कही। इंडी गठबंधन की लोकसभा प्रत्याशी जोबा माझी ने कहा कि यह चुनाव जल, जंगल, जमीन और अपने अस्तित्व को बचाने का चुनाव है। ये केंद्र सरकार बाबा साहेब के द्वारा हमलोगों को दिए गए अधिकारों को छीनना चाहती है। उन्होंने कहा मोदी को अपने 10 साल की उपलब्धियों को बताने का समय नहीं मिला।

# राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीदजादे हैं : गुलाम अहमद मीर

**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पूरे देश की 140 करोड़ जनता जानती है कि राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीदजादे हैं। उन्होंने कहा कि शहजादे प्रधानमंत्री का प्रिय शब्द है जो वह चुनाव के दौरान प्रयोग करते हैं लेकिन राहुल गांधी उस परिवार से आते हैं जिस परिवार का आजादी हासिल करने के पहले से लेकर आजादी के बाद तक कुबार्नी का इतिहास रहा है। मीर शनिवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। मीर ने कहा कि मोदी जिस जमात से आते हैं उनका देश के लिए क्या योगदान रहा है यह पूरा देश जानता है। दो दिन से मोदी झारखंड में हैं। जनता का रिस्पांस उन्हें नहीं मिला। प्रधानमंत्री जिस भाषा का इस्तेमाल करते हैं उसे पूरी



जनता सुनती है और अच्छी तरह समझती है। उन्होंने कहा कि दस साल में उन्होंने क्या किया इसकी उन्होंने चर्चा नहीं की। इसी कारण अपने दस साल के काम पर प्रधानमंत्री ने वोट नहीं मांगा। मीर ने कहा कि भ्रष्टाचार की बात करें तो जिस नेता पर प्रधानमंत्री शाम में 70,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हैं 24 घंटे के अंदर उसके साथ सरकार बनाकर उसे उप मुख्यमंत्री बना देते हैं। असम और बंगाल भी इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने हजारों करोड़ रुपये कंपनियों से चंदा लिया और इसके बदले उन्हें लाभ पहुंचाया। वोट हासिल करने के लिए मोदी कुछ भी कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि दस वर्षों में मोदी ने झारखंड को क्या दिया। झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। जब उन्होंने प्रधानमंत्री आवास नहीं दिया तो हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू किया। पलामू के मंडल डैम का शिलान्यास पांच वर्ष पूर्व मोदी के जरिये किया गया था लेकिन उसमें कोई कार्य नहीं हुआ। सरना धर्म कोड पर चुप्पी साधे रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा मोदी पर और कांग्रेस मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। मोदी हिंदू, मुसलमान और पाकिस्तान पर चुनाव लड़ रहे हैं और मूल मुद्दों को डायवर्ट कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी सात मई को चाईबासा और बसिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता के बीच मोदी फ्लॉप शो साबित हुए। जनता उन्हें कितनी गंभीरता से ले रही है यह रैली में जनता की कम उपस्थिति ने दर्शा दिया है। इस दौरान भारतीय कांग्रेस की मीडिया कोऑर्डिनेटर ज्योति सिंह, राकेश सिन्हा सुमेर चारण, वैभव शुक्ला सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति कमल ठाकुर, रियाज अंसारी, ऋषिकेश सिंह भी उपस्थित थे।

## रांची के विकास और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर लड़ेंगे चुनाव : यशस्विनी सहाय

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने कहा कि रांची के विकास और महिला सुरक्षा को लेकर वह गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे। रांची के विकास पर बात की जायेगी। सहाय शनिवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहीं थी।



सहाय ने कहा कि रांची के बने 24 साल होने जा रहे हैं लेकिन राजधानी का उतना विकास नहीं हुआ। कभी इस जगह को औद्योगिक इकाइयों का हब माना जाता था लेकिन अब वो भी धीरे-धीरे बंद होने लगे हैं। इन सभी विषयों को लेकर चुनाव लड़ा जायेगा। रांची के विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच के गैप को भरने की जरूरत है। यदि जनता ने मुझे मौका दिया तो इस गैप को भरने का काम करूंगी और रांची की बेहतरी के लिए काम किया करूंगी। सहाय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी गलत है या सही यह कानून तय करेगा। यह मामला कोर्ट में अंडर ट्रायल चल रहा है और जिस तरीके से सेंट्रल जांच एजेंसियों पर सवाल उठ रहे उस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। सहाय ने एक सवाल के जवाब में कहा कि यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) अभी तक देश में मौलिक अधिकार नहीं बना है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)